




# 26 नाबालिग पुलिस ने ट्रेन से सुरक्षित उतारे

## मक्सी तथा उज्जैन में हुआ रेस्क्यू आपरेशन, सागर-बीना जीआरपी नहीं कर पाई सूचना पर कार्यवाही, नाबालिगों को चिंहित किया गया था

नवभारत न्यूज

**सागर 1 मई. अंत्योदय एक्सप्रेस ट्रेन से लगभग 100 नाबालिग बच्चों को अहमदाबाद के लिए ले जाया जा रहा था. आशंका के चलते इन सभी बच्चों को बाल श्रम के लिए भेजा जा रहा है.**

यह जानकारी मिलते ही आयोग के सदस्य ओंकार सिंह द्वारा इसकी सूचना सागर सीडब्ल्यूसी सहित अन्य अधिकारियों को दी गई. जानकारी मिलते ही सागर सीडब्ल्यूसी के सदस्य एवं किशोर न्यायालय बोर्ड के सदस्यों द्वारा कार्यवाही करते हुए सागर जीआरपी को इसकी सूचना दी गई. सीडब्ल्यूसी के सदस्य एवं किशोर न्यायालय बोर्ड के सदस्यों तथा कुछ सामाजिक कार्यकर्ता सागर स्टेशन पहुंचे जहां सदस्यों द्वारा देखा गया कि अलग-अलग बोगियों में नाबालिग बैठे हुए हैं जिनके साथ कोई भी अभिभावक या जिम्मेदार व्यक्ति नहीं था, लेकिन जब सागर जीआरपी से इन बच्चों को स्टेशन पर उतारने की बात कही गई थी. जीआरपी द्वारा समय का अभाव एवं पुलिस बल न होने की बात कहते हुए कार्यवाही से अपना हाथ खीच लिया. सभी सदस्य व सामाजिक कार्यकर्ता ट्रेन में सवार होकर नाबालिकों के साथ बीना स्टेशन रवाना हो गए. जीआरपी द्वारा आश्वासन दिया गया कि बीना रेल्वे स्टेशन पर पर्याप्त पुलिस बल है. लेकिन जब ट्रेन बीना पहुंची तो वहां अधिकारियों द्वारा ट्रेन में नाबालिगों को तलाश करने जहमत नहीं उठाई गई.



किशोर न्यायालय बोर्ड की सदस्य वंदना तोमर एवं चंद्रप्रकाश शुक्ला ने बताया कि हम सभी लोग ट्रेन में सवार होकर बोगियों में बच्चों को चिंहित करके आये कि किस बोगी में कितने बच्चे हैं, लगातार पुलिस से संपर्क भी हो रहा था लेकिन बीना स्टेशन पर कार्यवाही नहीं हो पाई. मक्सी तथा उज्जैन रेलवे स्टेशन पर बच्चों की तस्करी की सूचना पर रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया गया. अंत्योदय एक्सप्रेस ट्रेन को उज्जैन और फिर नागदा स्टेशन पर रोककर पुलिस, बाल कल्याण समिति और अन्य विभागों की टीम ने 26 नाबालिग बच्चों को सुरक्षित बाहर निकाला. जानकारी के मुताबिक, बाल कल्याण समिति को सूचना मिली थी कि करीब 100 बच्चों को मजदूरी के लिए मुजफ्फरनगर से अहमदाबाद ले जाया जा रहा है. सूचना मिलते ही उज्जैन में चार थानों का बल, आरपीएफ, जीआरपी, श्रम विभाग और महिला एवं बाल विकास विभाग की टीम को अलर्ट किया गया. जैसे ही अंत्योदय एक्सप्रेस मक्सी तथा उज्जैन स्टेशन पहुंची, टीम ने ट्रेन में सर्चिंग शुरू की. रेस्क्यू ऑपरेशन का नेतृत्व कर रहीं सीएसपी दीपिका शिंदे ने तत्काल नागदा स्टेशन को सूचना देकर ट्रेन रुकवाई. वहां एक घंटे तक चली सर्चिंग के बाद 22 और नाबालिग बच्चों को ट्रेन से उतारा गया. इस तरह कुल 26 बच्चों को रेस्क्यू किया गया .करीब आधे घंटे तक 50 से अधिक बच्चों और उनके साथ मौजूद लोगों से पूछताछ की गई, जिसमें शुरुआती तौर पर 4 बच्चों को रेस्क्यू किया गया. इसी दौरान ट्रेन आगे बढ़ गई थी.

# जो व्यक्ति पद की अभिलाषा रखते हैं उन्हें जमीन पर काम करना होगा : श्री सिंह

नवभारत न्यूज

**सागर 1 मई. जिला शहर एवं ग्रामीण कांग्रेस कमेटी के तत्वावधान में संगठनात्मक कार्यों और जिले की भावी रणनीतियों पर विचार विमर्श करने जिला समन्वय समिति की बैठक का आयोजन हुआ.**



बैठक की अध्यक्षता करते हुए प्रभारी मनोज कपूर ने भाजपा के जनप्रतिनिधियों की एवं प्रशासनिक अधिकारियों की निष्क्रियता तथा बढ़ती महंगाई एवं किसानों की समस्याओं को दूर करने और अधिक मजबूती से कार्य करने पर जोर दिया. शहर व ग्रामीण अध्यक्ष ने बैठक की प्रस्तावना रखी. नरयावली प्रभारी ठाकुर लक्ष्मण सिंह ने कहा जो व्यक्ति पद की अभिलाषा रखते हैं उन्हें जमीन पर काम करना होगा अन्यथा काम करने वाले व्यक्तियों को आगे बढ़ाएं. जिला शहर कांग्रेस अध्यक्ष महेश जाटव ने कहा कि अनुशासनहीनता कतई बर्दास्त नहीं की जाएगी जो मोर्चा प्रकोष्ठ अनुपस्थित रहेंगे उनकी जानकारी पीसीसी भेजी जाएगी. पार्टी विरोधी गतिविधियों को नहीं चलने दिया जाएगा, जो बूथ जिताएं वहीं सही नेता बन सकता है. ग्रामीण अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह मुहासा ने कहा कि संगठन विरोधी गतिविधियों में शामिल लोगों पर अनुशासनहीनता की कार्रवाई होगी. इस दौरान सुनील जैन, रेखा चौधरी, सुरेंद्र सुहाने, रमाकांत यादव, सिंटू कटारे आशीष ज्योतिषी, चैतन्य पांडे, सागर साहू, रामकुमार पचौरी, बब्बू यादव, शैलेंद्र तोमर, माधवी चौधरी, उमा नवैया, आशू भाईजान, कमलेश तिवारी ,निलेश अहिरवार, हेमराज रजक मौजूद थे.

# विधायक ने कराया स्वास्थ्य परीक्षण

नवभारत न्यूज

**सागर 1 मई. मानव सेवा जन कल्याण फाउंडेशन के तत्वावधान में आयोजित निशुल्क स्वास्थ्य शिविर में विधायक प्रदीप लारिया मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए.**



विधायक श्री लारिया ने शिविर का अवलोकन कर व्यवस्थाओं का निरीक्षण कर उन्होंने स्वास्थ्य परीक्षण कराकर आमजन को नियमित स्वास्थ्य जांच के प्रति जागरूक रहने का संदेश दिया. शिविर में सामान्य चिकित्सा, हृदय रोग, न्यूरोलॉजी, ईएनटी, स्त्री रोग, हड्डी रोग, नेत्र रोग एवं चर्म रोग से संबंधित विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा मरीजों का परीक्षण एवं परामर्श प्रदान किया गया. आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत पात्र हितग्राहियों को उपचार की जानकारी भी दी गई. इस अवसर पर फाउंडेशन की संस्थापक एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष दीपा ठाकुर सहित समस्त स्वयंसेवक, चिकित्सक एवं स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे.

## कंट्रोल रूम स्थापित

**सागर.** जनगणना 2027 के कार्यों के सुचारू संचालन के लिए जिला कार्यालय सागर में कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है. भारत सरकार के जनगणना अधिनियम 1948 के तहत प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुए विभिन्न विभागों के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को आगामी आदेश तक कंट्रोल रूम में ड्यूटी हेतु नियुक्त किया गया है. कंट्रोल रूम का संचालन प्रतिदिन प्रातः 10 बजे से सायं 6 बजे तक किया जाएगा. कंट्रोल रूम का दूरभाष नंबर 07582-223045 निर्धारित किया गया है तथा प्रभारी के रूप में अखिलेश मिश्रा को जिम्मेदारी सौंपी गई है.

# ग्राम मनेसिया में हुआ कल्पवृक्ष पूजन कार्यक्रम

नवभारत न्यूज

**सागर 1 मई. ग्राम मनेसिया में विचार समिति द्वारा आयोजित विचार संस्कार विद्यालय के पास हनुमान मंदिर परिसर में कल्पवृक्ष का पौधा चार साल पहले लगाया था जो अब आठ फुट का हो गया है.**



इस पौधे की गांव के लोगों के साथ मिलकर पूजन कार्यक्रम संपन्न हुआ. विचार समिति अध्यक्ष कपिल मलैया ने कहा कि कल्पवृक्ष केवल आस्था का प्रतीक नहीं है, बल्कि यह हमारी प्राचीन संस्कृति और पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी देता है. उन्होंने सभी से अधिक से अधिक वृक्षारोपण करने और प्रकृति के संरक्षण का आह्वान किया. विचार समिति के मार्गदर्शक शफीक खान ने बताया कि मान्यता है कि कल्पवृक्ष की छाया में की गई सच्ची और सकारात्मक इच्छाएं पूर्ण होती हैं. कार्यकारी अध्यक्ष सुनीता अरिहंत ने कहा कि कल्पवृक्ष को संस्कृति का अहम हिस्सा बताते हुए प्रकृति के प्रति जागरूक रहने की बात कही. इस अवसर पर कुंदन लाल रिछारिया, राम राय, नंदलाल पटैल, रामलाल रावत, बद्री गौर, कैलाश गौर, संतोष चढ़ार मौजूद थे.

# ननि के 6 कर्मचारी सेवानिवृत्त



नवभारत न्यूज

**सागर 1 मई. नगर निगम की विभिन्न शाखाओं में कार्यरत 6 कर्मचारियों के सेवानिवृत्त होने पर निगम सभाकक्ष में सम्मान समारोह आयोजित किया गया.**

कार्यक्रम में नगर निगम अध्यक्ष वृंदावन अहिरवार, निगमायुक्त राजकुमार खत्री, पार्षद रिचा सिंह एवं कर्मचारी कल्याण मोर्चा के अध्यक्ष हरेंद्र खटीक उपस्थित रहे. सम्मान समारोह के दौरान जलप्रदाय शाखा के उपयंत्री रामाधार तिवारी, राजेश नरयावरे, चंद्रशेखर साहू, देवीप्रसाद तिवारी, सफाई संरक्षक ममता विनोद, कुसुम रमेश सहित सभी सेवानिवृत्त कर्मचारियों का पुष्पहार पहनाकर एवं शाल-श्रीफल भेंट कर सम्मान किया.

# सांसद ने सुनीं क्षेत्रवासियों की समस्याएं

नवभारत न्यूज

**सागर 1 मई. सांसद डॉ. लता वानखेड़े ने सांसद संवाद केंद्र में बैठकर क्षेत्रवासियों की समस्याएं सुनीं और उनके निराकरण के लिए संबंधित अधिकारियों को कार्यवाही करने के निर्देश दिए.**



इस दौरान विभिन्न पंचायतों और क्षेत्र से आए नागरिकों ने अपनी समस्याएं उनके सामने रखीं. सांसद ने सभी शिकायतों को गंभीरता से सुनते हुए शीघ्र समाधान का आश्वासन दिया. इस दौरान बीना विधायक श्रीमति निर्मला सप्रे भी संवाद केंद्र पहुंचीं और बीना में 9 से 15 मई तक आयोजित होने वाली श्रीमद् भागवत कथा में शामिल होने हेतु आमंत्रण पत्र सौंपा. यह कथा आध्यात्मिक प्रवक्ता जया किशोरी के मुखारविंद से श्रवण कराई जाएगी. संवाद केंद्र पहुंचे क्षेत्रवासियों ने अपनी-अपनी समस्याओं से सांसद को अवगत कराया जिनमें प्रमुख रूप से ग्राम मढ़ैया गौड़ धामोनी रोड से आए नागरिकों ने बताया कि गांव के बाहर खेतों में प्रकाश की व्यवस्था नहीं है, जिससे जंगली जानवरों का खतरा बना रहता है. उन्होंने क्षेत्र में लाइट लगाने की मांग की. वहीं जेरवारा से आए लोगों ने शिव मंदिर के पास सौर ऊर्जा लाइट लगाने का निवेदन किया.

# विकास कार्यों को लेकर हुई भेंट



नवभारत न्यूज

**सागर 1 मई. विधायक शैलेंद्र जैन ने कलेक्टर प्रतिभा पाल से सौजन्य भेंट की.**

इस दौरान उन्होंने विभिन्न महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा करते हुए भूमि आवंटन एवं लंबित कार्यों में त्वरित कार्यवाही की मांग की. विधायक ने खुरई रोड पर ऑडिटोरियम निर्माण हेतु भूमि आवंटन, मंगल भवन एवं मिनी स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स के लिए स्थान उपलब्ध कराने, ट्रेड एवं कल्चर सेंटर निर्माण, प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत आवासों के आवंटन व पूर्णता, धर्मश्री बायपास के भूमि अधिग्रहण, ट्रैफिक व्यवस्था सुधारने, स्मार्ट सिटी के अपूर्ण कार्यों को समय-सीमा में पूरा कराने तथा ट्रांसपोर्ट नगर के संचालन प्रारंभ करने जैसे विषयों को प्रमुखता से उठाया.

# संभाग स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का समापन

नवभारत न्यूज

**सागर 1 मई. पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय क्रमांक एक एवं खेल परिसर में चल रहे केंद्रीय विद्यालय संगठन की तीन दिवसीय संभाग स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का समापन हुआ.**



स्पर्धा के तीसरे दिन 200 मी 800 मी दौड़ 100 मीटर की दौड़ भाला फेंक ट्रिपल जंप एवं 4 किलोमीटर क्रॉस कंट्री रेस का आयोजन किया गया. सभी प्रतियोगिताएं बालक बालिकाओं के अंडर 14 अंदर 17 एवं अंदर-19 ग्रुप में हुई इसी तरह इन्हीं तीनों ग्रुप में शतरंज की स्पर्धाएं भी आयोजित की गई. सभी स्पर्धाओं में निर्णायक की भूमिका में जीत जिला एथलेटिक एथलेटिक संघ की टीम जिला शतरंज संघ की टीम ने सहयोग प्रदान किया. समारोह पर सभी विजेताओं को स्वर्ण रजत और कान से पदक प्रदान किए गए. छात्रा सृष्टि पटेल ने 4 किलोमीटर क्रॉस कंट्री रेस में स्वर्ण पदक जीता. इस अवसर पर प्राचार्य मनीष गुप्ता, धर्मेंद्र भारद्वाज एवं सुनील तिवारी उपस्थित रहे. कार्यक्रम का संचालन खेल शिक्षक डॉ. नईम अहमद खान एवं शिक्षक अरविंद कुमार गोगना और ग्रीष्मा जैन ने किया.



# मंत्री निवास में हुआ स्वागत

नवभारत न्यूज

**सागर 1 मई. भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल की सहमति से मध्यप्रदेश भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष जयपाल सिंह चावड़ा ने खाद्य मंत्री गोविंद सिंह राजपूत की अनुशंसा पर रामकुमार यादव को भाजपा किसान मोर्चा का जिलाध्यक्ष नियुक्त किया है.**

नियुक्ति के उपरांत मंत्री श्री राजपूत के निवास पर श्री यादव का स्वागत किया गया. इस अवसर पर मंत्री श्री राजपूत ने विश्वास जताया कि उनके नेतृत्व में किसान मोर्चा और सक्रिय होकर किसानों के हितों की रक्षा करेगा. श्री यादव पहले भी रही है वे यादव समाज के प्रदेश उपाध्यक्ष जैसे महत्वपूर्ण दायित्व निभा रहे हैं. मंत्री श्री राजपूत ने कहा कि प्रदेश सरकार किसानों के हितों के लिए प्रतिबद्ध है और संगठन के माध्यम से किसानों की आवाज को और सशक्त बनाया जाएगा. इस अवसर पर रूपेश यादव पार्षद, देशराज यादव, हरिसिंह यादव, रजनेश यादव, अभिषेक सरपंच, सतेंद्र यादव, वसंत मीणा, रामेश्वर यादव, मेहरबान यादव मौजूद थे.

## परिचय सम्मेलन आज

**सागर.** श्री गहोई वैश्य समाज द्वारा आगामी 2 -3 मई को आयोजित परिचय सम्मेलन एवं सामूहिक विवाह सम्मेलन आयोजित किया जा रहा है. अध्यक्ष सुरेन्द्र सुहाने ने बताया कि 2 मई को परिचय सम्मेलन एवं 3 मई को सामूहिक विवाह महायज्ञ आदर्श गार्डन एवं राघव गार्डन में किया जा रहा है. प्रचार-प्रसार समिति संयोजक शरद गुप्ता ने बताया कि अखिल भारतीय गहोई वैश्य समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष रामगोपाल छिरोलया सहित गाडरवाड़ा,करेली, कटनी, जबलपुर, देवरी आदि से समाज के प्रमुखजन शामिल होने आए रहे हैं. मंत्री डा संजीव कठल ने बताया कि परिचय सम्मेलन के लिए डेढ़ सौ बायोडाटा आ चुके हैं, साथ ही 5 विवाह सम्मेलन में संपन्न होंगे. परिचय सम्मेलन सुबह 11 बजे शुरू होगा.

# रक्तदान सबसे बड़ा मानवीय धर्म बनाएं जनअभियान: अविराज सिंह

नवभारत न्यूज

**सागर 1 मई. रक्तदान केवल एक आयोजन नहीं, बल्कि समाज को जीवन देने का सबसे बड़ा माध्यम है और इसे जनआंदोलन बनाना हमारा लक्ष्य है. यह बात युवा नेता अविराज सिंह ने कही.**

उन्होंने बताया कि मेरे पिता पूर्व गृहमंत्री एवं वरिष्ठ विधायक भूपेन्द्र सिंह के जन्मदिवस 20 मई पर विगत 11 वर्षों से निरंतर आयोजित रक्तदान शिविर इस वर्ष अपने 12वें वर्ष में प्रवेश कर रहा है. होटल दीपाली स्थित कोहिनूर हॉल में युवाओं की बैठक आयोजित की गई, जिसमें शिविर की तैयारियों को लेकर विस्तार से चर्चा की गई.



अविराज सिंह ने कहा, 16, 17, 18 एवं 19 मई को चार दिवसीय विशाल रक्तदान शिविर आयोजित किया जाएगा. इस शिविर में अधिक से अधिक लोगों की सहभागिता सुनिश्चित करने के लिए व्यापक स्तर पर तैयारियां की जा रही हैं. उन्होंने कहा कि रक्तदान जीवनदान के समान है और एक व्यक्ति द्वारा किया गया रक्तदान तीन लोगों की जान बचा सकता है. समाज के प्रत्येक सक्षम व्यक्ति को इस महादान में भाग लेना चाहिए. एक जान बचाना, पूरी मानवता को बचाने के समान है. विश्व स्वास्थ्य संगठन के मानकों के अनुसार भारत में प्रतिवर्ष लगभग एक करोड़ यूनिट रक्त की आवश्यकता होती है, जबकि करीब 75 लाख यूनिट ही उपलब्ध हो पाता है. इस कमी के कारण हर साल हजारों मरीज समय पर रक्त नहीं मिलने के कारण दम तोड़ देते हैं. ऐसे में समाज के हर सक्षम नागरिक की जिम्मेदारी बनती है कि वह रक्तदान के लिए आगे आएं.

# आदिवासी कांग्रेस अध्यक्ष ने आभार माना, तीर कमान भेंट



नवभारत न्यूज

**सागर 1 मई. आदिवासी कांग्रेस में दयाराम सौर को जिला अध्यक्ष ग्रामीण नियुक्त किया गया है.**

नियुक्ति पर आभार प्रकट करने के लिए नवनियुक्त आदिवासी जिला अध्यक्ष श्री आदिवासी साथियों के साथ जिला अध्यक्ष ग्रामीण कांग्रेस कमेटी भूपेंद्र सिंह मुहासा से मिले एवं आदिवासी समाज की ओर से श्री मुहासा का आभार व्यक्त करते हुए, तीर कमान भेंट किया. इस अवसर पर श्री सिंह ने कहा की कांग्रेस हमेशा से आदिवासियों के हितों और सम्मान की लिए काम करती रही है. इस अवसर पर आदिवासी महिला कांग्रेस जिला अध्यक्ष रिचा सिंह गौंड,पार्षद नीलोफर चमन अंसारी, आशीष ज्योतिषी, जयकुमार सौर थानसिंह रावत, हरिनारायण सौर, मनोज पवार, एड.सोहन रावत उपस्थित रहे.

# श्रमिक दिवस पर हुआ कार्यक्रम आयोजित

नवभारत न्यूज

**ललितपुर 1 मई. अंतर्राष्ट्रीय श्रमिक दिवस पर प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय वरदानी भवन द्वारा कार्यक्रम का आयोजन हुआ.**



कार्यक्रम की थीम मेहनत ही नहीं, मन की शांति भी जरूरी है. राजयोगिनी बीके चित्ररेखा दीदी ने कहा कि विश्वकर्मा माना जो सृष्टि के निर्माता ब्रह्मा जी है. जिनके द्वारा इस धरा को स्वर्णिम, सुखदाई बनाया गया. बीके प्रीती दीदी ने राजयोग मेडिटेशन का अभ्यास कराया. नगर अध्यक्ष सोनाली जैन ने नशा मुक्ति कुंभकरण झांकी का अवलोकन किया. मंत्री प्रतिनिधि चंद्रशेखर भाई ने श्रमिकों के योगदान को सराहना की एवं आध्यात्मिकता से जुड़ने की अपील की. बीके निशा बहन ने नशा मुक्त रहने, आत्म-सम्मान व आत्म-शक्ति बढ़ाने के लिए ब्रह्माकुमारीज़ में आने के लिए अपील की. ब्रह्माकुमारीज के अनुसार, इस प्रकार के कार्यक्रम समाज में श्रमिकों के प्रति सम्मान बढ़ाने और उन्हें मानसिक रूप से सशक्त बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम हैं.यह आयोजन विश्वकर्मा निर्माण प्रभाग के सहयोग से संपन्न हुआ. जिसमें दैवीय भ्राता संजय जैन, एड. रामस्वरूप साहू, एड.मुकेश साहू, बाबूलाल निरंजन मौजूद थे.

# दवा विक्रेता पदाधिकारी की ली बैठक, दिए गए आवश्यक निर्देश

नवभारत न्यूज

**सागर 1 मई. सिटी मजिस्ट्रेट गगन विशेन एवं नगर पुलिस अधीक्षक ललित कश्यप ने जिले के दवा विक्रेता पदाधिकारी की बैठक आयोजित कर निर्देश दिए.**

सिटी मजिस्ट्रेट गगन विशेन ने निर्देश दिए की जिले में कहीं भी नशा से संबंधित दवाओं का वितरण डॉक्टर की पर्ची के बगैर ना हो एवं सभी दवाओं का रिकार्ड संधारित किया जावे, जिन मेडिकल स्टोर से अत्यधिक नशा की दवाई का विक्रय किया जा रहा है उसकी जानकारी एवं अत्यधिक मात्रा से ज्यादा डॉक्टर द्वारा लिखी जाने वाली नशा युक्त दावों की जानकारी भी प्रस्तुत करें जिससे की कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके. उन्होंने बताया कि कलेक्टर ने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि कहीं भी बगैर पर्ची की दवाओं का वितरण न किया जाए. .नगर पुलिस अधीक्षक ललित कश्यप ने कहा कि सभी दुकानदार अपने-अपने दुकानों के बाहर सीसीटीवी कैमरे लगाए जिससे कि आवश्यकता पड़ने पर परीक्षण किया जा सके और कार्यवाही भी सुनिश्चित हो.

# एआईएमआईएम ने जताया पुलिस का आभार

नवभारत न्यूज

**सागर 1 मई. ऑल इंडिया मजलिस ए इत्तेहादुल मुस्लिमीन के पदाधिकारियों का प्रतिनिधिमंडल गोपालगंज थाना पहुँचा. जहाँ उन्होंने थाना प्रभारी घनश्याम शर्मा एवं पुलिस टीम से भेंट कर गौवंश तस्करों पर की गई कार्रवाई की प्रशंसा की.**



उल्लेखनीय है कि दो दिन पूर्व गोपालगंज थाना पुलिस ने गौवंश तस्करों को गिरफ्तार कर उनका जुलूस निकाला था. प्रतिनिधिमंडल ने इसे कानून व्यवस्था को सुदृढ़ करने और अपराधियों के मनोबल को तोड़ने की दिशा में कदम बताया. पदाधिकारियों ने कहा कि जो लोग कानून के खिलाफ जाकर अवैध गतिविधियों में संलिप्त हैं, उनका किसी भी धर्म या समाज से कोई संबंध नहीं है. ऐसे तत्व समाज के लिए घातक हैं और उनके खिलाफ कार्रवाई होनी चाहिए. उन्होंने कहा कि समाज के जिम्मेदार नागरिकों की यह सामूहिक जिम्मेदारी है कि वे कानून का पालन करें और असामाजिक तत्वों का विरोध करें. इस अवसर पर जाहिद मंसूरी जिला सदस्यता इंचार्ज, एड. समर कुरैशी जिला सह प्रभारी, हाफिज आबिद राईन, आसिफ मासाब, हाफिज अरवाज राईन, मेहबूब मंसूरी, आरिफ, अफजल, जाविद मौजूद थे.